दिन– शनिवार | दिनांक– 29 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के साठवें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

02. श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा– नई श्रम संहिताओं में महिला श्रमिकों के लिए विशेष प्रावधान से रोजगार के नये अवसर खुलेंगे।

03. प्रदेश के वैभव सूर्यवंशी बारह दिसम्बर से दुबई में होने वाले अंडर नाईनटीन एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा– अगले दो से तीन दिन के बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट से ठंड में बढ़ोतरी की सम्भावना।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के साठवें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। वह आज और कल सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू इस बैठक में संसद के दोनों सदनों के राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र पहली दिसंबर से उन्नीस दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित होने की संभावना है।

---

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है। इस सत्र से विधासभा के सभी कार्य पेपरलेस होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक अपनी मेज पर लगे टैब से ही सवाल और पूरक प्रश्न पूछ सकेंगे। नेवा योजना के तहत विधान परिषद के बाद विधानसभा की कार्यवाही में भी कागज के उपयोग को समाप्त किया जा रहा है। इधर, पांच दिवसीय सत्र के दौरान विधानसभा भवन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पटना सदर के अनुमंडल

पदाधिकारी गौरव कुमार ने विधानसभा के आस–पास किसी तरह के प्रदर्शन, जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

———————————————————————

विधानसभा सत्र के मद्देनजर महागठबंधन के जीते हुये विधायक आज पटना में बैठक करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजद के पच्चीस, कांग्रेस और वाम दलों के दस नव निर्वाचित विधायक शामिल होंगे। इस बैठक में सत्र के लेकर रणनीति बनाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की सम्भावना है। इधर, विधानसभा चुनाव में मिली हार पर राजद की समीक्षा बैठक जारी है। कल पूर्णिया प्रमंडल की बैठक में चुनाव के सभी प्रत्याशियों ने विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।

———————————————————————

जदयू ने विधानसभा चुनाव में सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में हार के कारणों की समीक्षा के लिए संबंधित जिलों से रिपोर्ट मगायी है। समीक्षा के लिए मुख्यालय स्तर पर विधानसभा प्रभारियों, जिला अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों की बैठक छह दिसम्बर को होने की सम्भावना है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और प्रभावी बनाने के मकसद से इक्कीस नवम्बर से चार नई श्रम संहिता को लागू कर दिया है। इन संहिता के लागू होने के साथ ही देश के उनतीस पुराने श्रम कानूनों को एकीकृत रूप प्रदान किया गया है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि नए लेबर कोड से सभी कामगारों को तय न्यूनतम मजदूरी का लाभ मिलेगा। आकाशवाणी समाचार, पटना से विशेष बातचीत में श्री आनंद ने कहा कि नये कानून से संगठित और असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा मिलेगी।

———बाइट———

श्री आनंद ने बताया कि नई श्रम संहिता के प्रावधानों में महिला श्रमिकों का विशेष ध्यान रखा गया है। इन प्रावधानों से महिलाओं के लिए रोजगार के नये क्षेत्र खुलेंगे।

———बाइट———

श्री आनंद की इस विशेष बातचीत को आज आकाशवाणी पटना से प्रसारित साप्ताहिक कार्यक्रम सामयिक चर्चा के तहत सुना जा सकता है। इस कार्यक्रम का प्रसारण शाम सात बजकर बावन मिनट से किया जायेगा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

प्रदेश में कई स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत कई जिलों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। वहीं, राज्य के दक्षिणी भागों के न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में सबसे कम न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद में दर्ज किया गया। इधर, अधिकतर स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखा गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट हो सकती है।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों की हवा लगातार प्रदूषित हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत ग्यारह शहरों की वायु प्रदूषित रही। बिहार प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अनुसार इस अवधि में पटना के समनपुरा की वायु सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ तेईस दर्ज किया गया।

---

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार ने कहा है कि विभाग में जल्द ही एक हजार नवासी पदों पर बहाली होगी। विभागीय समीक्षा बैठक के बाद श्री कुमार ने बताया कि बहाली के लिए विभाग ने बिहार लोक सेवा आयोग को पांच सौ सैंतीस और बिहार कर्मचारी चयन आयोग को पांच सौ पचपन पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी है।

---

प्रदेश में रबी मौसम में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित होगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान खाद उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को यह निर्देश दिये। श्री यादव ने मुख्यालय स्तर से विशेष उड़नदस्ता दल का गठन कर सभी जिलों में औचक छापेमारी कराने के निर्देश दिये हैं।

---

प्रदेश के पुलिस जवानों और अधिकारियों को आम लोगों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना होगा। नागरिकों से असभ्य व्यवहार करने के मामले में पदाधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में पुलिस महनिदेशक से लेकर पुलिस अधीक्षक तक के अधिकारियों को पत्र लिखा है।

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तेरह दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। पटना के जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय और अनुमंडल स्तरीय न्यायालय में किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति बारह दिसम्बर तक संबंधित न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

---

बिहार के वैभव सूर्यवंशी को अंडर नाईनटीन एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन बारह दिसम्बर से इक्कीस दिसम्बर तक दुबई में किया जायेगा। आयुष म्हात्रेय को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, विहान मल्होत्रा उपकप्तान बनाये गये हैं।

वहीं, कोलकाता के ईडन गार्डंस में खेले गये सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में मध्य प्रदेश ने बिहार को बासठ रन से हरा दिया।

इधर, बेंगलुरू में चल रही उनहत्तरवीं नेशनल स्कूल हैंड बॉल अंडर सेवेंटीन प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने हरियाणा को हराकर कांस्य पदक जीता है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला की धनहा पुलिस ने दो सौ बयासी लीटर अवैध शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, जिले के बेतिया में

नवलपुर थाना क्षेत्र में एक सौ वर्ष पुराने इमली का पेड गिरने से एक महिला और एक बकरी की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– भारी बहुमत से जीताने के लिए महिलाओं का आभार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– टैरिफ के तूफान में भी सबसे तेज रही भारत की रफ्तार।

दैनिक जागरण लिखता है– हरिद्वार में चौदह जनवारी दो हजार सत्ताईस से अर्द्धकुम्भ होंगे शुरू।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पुलिस का दावा, रीतलाल यादव ने रंगादारी से बनाई करोड़ों की सम्पत्ति।

आज अखबर लिखता है– पीएम मोदी ने गोवा में दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा का किया अनावरण।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– डीएलएड में अब मनमानी फीस पर रोक, आज से शुरू होगा नामांकन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के साठवें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

02. श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा– नई श्रम संहिताओं में महिला श्रमिकों के लिए विशेष प्रावधान से रोजगार के नये अवसर खुलेंगे।

03. प्रदेश के वैभव सूर्यवंशी बारह दिसम्बर से दुबई में होने वाले अंडर नाईनटीन एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा– अगले दो से तीन दिन के बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट से ठंड में बढ़ोतरी की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।